भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 03.04.2025

## आरेडिका ने अपने पहले ही वर्ष में किया व्हीलों का रिकॉर्ड उत्पादन

इस वित्त वर्ष 2024–25 में रेलवे ने फोर्ज्ड व्हील प्लाण्ट का अधिग्रहण किया। आत्मनिर्भर भारत के सफर में अपने उत्कृष्ट उत्पादों एवं अत्याधुनिक तकनीकों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में अपना अहम योगदान देकर फोर्ज्ड व्हीलों के निर्माण के संकल्प को सिद्धि तक पहुँचाया है। आरेडिका एलएचवी एवं लोको व्हीलों का उत्पादन कर रहा है फोर्ज्ड व्हीलों के लिए इस वर्ष आरेडिका को 35000 फोर्ज्ड व्हीलों के उत्पादन का लक्ष्य दिया गया है जिसके सापेक्ष में 40966 पहियों की फोर्जिंग की गई जो पिछले वर्ष से 62% अधिक है, एवं 33515 फिनिशिड पहियों (क्वालिटी जॉच में पास) का उत्पादन किया गया जो पिछले वर्ष से 49% अधिक है। रेल मंत्रालय में फोर्ज्ड व्हील प्लाण्ट के अधिग्रहण के बाद आरेडिका ने पहियों के उत्पादन को लगातार बढाया और मार्च 2025 में अभी तक के किसी महीने का सर्वाधिक उत्पादन किया गया जिसमें 5809 पहियों की फोर्जिंग, 4964 पहियों की मशीनिंग एवं 4222 पहियों को क्वालिटी जॉच में पास किया गया।

आरेडिका के महाप्रबंधक श्री प्रशान्त कुमार मिश्रा ने बताया कि, फोर्ज्ड व्हील प्लाण्ट के अधिग्रहण के बाद आरेडिका ने व्हीलों के उत्पादन को चुनौती के रूप में स्वीकार किया और व्हीलों के उत्पादन को बढाने के लिए आरेडिका के अनुभवी एवं कुशल के अधिकारियों के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने प्लाण्ट का अध्ययन किया तथा व्हीलों के निर्माण में उपयोग होने वाली सामग्री, मशीनों एवं कार्यदक्ष मानवशक्ति प्रबंधन की उचित योजना बनाई गयी। जिसके फलस्वरूप आरेडिका ने इस वर्ष 40966 पहियों की फोर्जिंग, 37749 पहियों की मशीनिंग, 33515 पहियों की स्टैपिंग की है। यह सब टीम के व्हीलों के उत्पादन के प्रति समर्पण की भावना से संभव हुआ है।

इस अवसर पर श्री मिश्रा ने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और यूनियनों के प्रतिनिधियों, एवं संविदा कर्मचारियों को बधाई दी और आगे भी इसी तरह से कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

03/4/2025
(आर एन तिवारी)
मुख्य जनसंपर्क अधिकारी